स्वतंत्रता संग्राम के जनजातीय नायकों को याद किया जाएगा यूनिवर्सिटी में

अंबिकापुर(नईदुनिया न्यूज)। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह ने नईदिल्ली के सीनेट हाल आइआइटी हौज खास में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के द्वारा आयोजित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक और राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कर सरगुजांचल के आदिवासियों की शिक्षा और आवश्यकता के स

NAI DUNIA NEWS NETWORK
Updated Date: | Sun, 24 Jul 2022 08:43 PM (IST)
Published Date: | Sun, 24 Jul 2022 08:43 PM (IST)
हमें फॉलो करें

अंबिकापुर(नईदुनिया न्यूज)। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह ने नईदिल्ली के सीनेट हाल आइआइटी हौज खास में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के द्वारा आयोजित

विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक और राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कर सरगुजांचल के आदिवासियों की शिक्षा और आवश्यकता के संदर्भ में अपने विचार रखे।राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान में उपबंधित रक्षोपायों से संबंधित सभी विषयों का अन्वेषण एवं मूल्यांकन तथा अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक ,आर्थिक विकास की योजना प्रक्रिया में भाग हेतु राष्ट्रीय संवाद का कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया तथा उनके विकास की प्रवृत्ति के मूल्यांकन के संदर्भ में विभिन्ना शिक्षाविदों से परिचर्चा हुई की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अशोक सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय परिसंवाद में संविधान प्रदत्त कर्तव्यों की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में अनुसूचित जनजाति समाज की समस्याओं और संस्कृति पर हो रहे अध्ययनों, विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जनजाति समाज की जनसंख्या, विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे जनजाति समाज के शैक्षणिक एवं अन्य कर्मचारी तथा विश्वविद्यालय में पढ़ रहे अनुसूचित जनजाति के शिक्षार्थियों की समस्याओं से सम्बंधित विषयों पर गहन चर्चा हुई।राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने विशेष रूप से विभिन्ना भारतीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राष्ट्रीय स्तर के इस संवाद कार्यक्रम में विभिन्ना अन्य जानकारियों से अवगत हुए और दो सत्रों मे विचारों, सुझावों और समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने की भी पहल की।इस दौरान विभिन्ना विश्वविद्यालयों एवं आईसीएसएसआर के मध्य निकट भविष्य में कैसे अधिक से अधिक सहयोग हो सकता है, इस विषय पर भी विस्तृत चर्चा हुई । राष्ट्रीय संवाद के प्रथम सत्र में जतिंदर के बजाज अध्यक्ष भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद् भी चर्चा में उपस्थित रहे। आयोग द्वारा संवाद के द्वितीय सत्र में विभिन्ना विश्वविद्यालयों से आमंत्रित कुलपतियों के बीच भविष्य में विश्वविद्यालयों के शिक्षार्थियों के साथ आयोग का प्रभावी संवाद स्थापित करने एवं आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय नायकों के स्वतन्त्रता संग्राम में योगदान विषय पर विश्वविद्यालयों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजनों के संबंध में चर्चा की।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अशोक सिंह ने विश्वविद्यालय में उल्लेखित विषयों पर विगत वर्षों में सम्पन्ना हुई गतिविधियों को आयोग को बताया, साथ ही भविष्य की कार्ययोजनाओं से भी अवगत कराया। राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष चौहान ने किया।

Posted By: **Nai Dunia News Network**

ambikapur news   # ambikapur samachar   # ambikapur chhatisgarh news   # ambikapur news in hindi

खास आपके लिए